सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 5 | अजमेर, सोमवार 25 अगस्त 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल नीति को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की इथेनॉल मिश्रण योजना को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल होने के साथ ही पेट्रोलियम कंपनियों में हडकंप मच गया है। सरकार ने 20 प्रतिशत इथेनॉल मिले पेट्रोल ई20 की बिक्री अनिवार्य कर दी थी। देश में इस साल जुलाई में ही 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया जबकि यह लक्ष्य 2028-29 तक रखा गया था।

अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जनहित याचिका में कहा है कि जन जागरूकता अभियान चलाए बगैर केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया ऐसा कार्यक्रम ई.20 पेट्रोल उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 के तहत उपभोक्ताओं के सूचित विकल्प के अधिकार का उल्लंघन करता है। लाखों भारतीय वाहन चालक मालिक इस बात से अनजान हैं कि उनके वाहनों में इस्तेमाल होने वाला पेट्रोल 100 फीसदी पेट्रोल नहीं बल्कि इथेनॉल और पेट्रोल का मिश्रण है।


इतनी अहम जानकारी छुपाना उपभोक्ता की सूचित पसंद इंफॉर्मड चॉइस को खत्म करता है। याचिका में कहा गया है कि उपभोक्ताओं को इथेनॉल.फ्री पेट्रोल ई20 का विकल्प दिए बिना सिर्फ ई20 उपलब्ध कराना उन करोड़ों वाहन मालिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जिनके वाहन इस तरह के पेट्रोल के लिए




उपयुक्त नहीं हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि ई 20 पेट्रोल का इस्तेमाल करने से वाहन की फ्यूल एफिशिएंसी माइलेज घटती है और कई पुर्जों में जंग लगने का खतरा बढ़ जाता है। इससे उपभोक्ताओं पर रखरखाव का अतिरिक्त खर्च और सुरक्षा से जुड़े खतरे भी पैदा होते हैं। अधिवक्ता मल्होत्रा का तर्क है कि जब तक वाहन निर्माता कंपनियों को ई20 के अनुकूल गाड़ियां बनाने और बाजार में उतारने का पर्याप्त समय न दिया जाए तब तक इस नीति को लागू करना अनुचित और मनमाना कदम है। याचिका के मुताबिक अप्रैल 2023 से पहले बनी गाड़ियां इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लिए उपयुक्त नहीं हैं। यहां तक कि दो साल पुरानी गाड़ियां भी भले ही वे बीएस 6 मानकों के अनुरूप हो 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लिए सही नहीं हैं। वे अधिकतम 10 प्रतिशत इथेनॉल मिले पेट्रोल ,ई10 तक ही चलने लायक हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से अपील की गई है कि पेट्रोलियम कंपनियों को आदेश दिया जाए कि वे बाजार में इथेनॉल फ्री पेट्रोल ई20 भी उपलब्ध कराते रहें। इसके अलावा पेट्रोल पंपों पर यह स्पष्ट लिखना भी अनिवार्य किया जाए कि वहां मिलने वाला पेट्रोल ई20 है।

याचिका में यह भी कहा गया है कि जबकि पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जा रहा है इसका फायदा उपभोक्ताओं को कीमत में कमी के रूप में नहीं मिला है। उन्होंने याचिका में यह भी उल्लेख किया है कि अमरीका और यूरोपीय संघ जैसे देशों में आज भी इथेनॉल.फ्री पेट्रोल उपलब्ध है और वहां पेट्रोल पंपों पर स्पष्ट लेबलिंग होती है। जिससे उपभोक्ता अपनी पसंद के अनुसार पेट्रोल चुन सकें।

## कर्नाटक में कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र करोड़ों रुपए के सट्टेबाजी मामले में अरेस्ट



बेंगलूरु। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने अवैध सट्टेबाजी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को चित्रदुर्ग के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को बड़े पैमाने पर ऑनलाइन और ऑफ्लाइन सट्टेबाजी का संचालन करने के आरोप में गिरफ्तार किया।आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह गिरफ्तारी गंगटोक, चित्रदुर्ग, बेंगलूरु सिटी, हुबली, जोधपुर, मुंबई और गोवा सहित भारत भर में 31 स्थानों पर दो दिवसीय तलाशी अभियान के बाद हुई है। छापेमारी में गोवा के पांच कैसीनो पपीज कैसीनो गोल्ड ओशन रिवर्स कैसीनोए पपीज कैसीनो प्राइड ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो शामिल थे।प्रारंभिक जांच में पता चला कि वीरेंद्र किंग567 और राजा 567 जैसे नामों से कई ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म संचालित करता था। उसके भाई केसी थिप्पेस्वामी कथित तौर पर दुबई स्थित तीन कंपनियां डायमंड सॉफ्टेक टीआरएस टेक्नोलॉजीज और प्राइम9 टेक्नोलॉजीज चलाते थे जो कॉल सेंटर सेवाओं और वीरेंद्र के गेमिंग व्यवसाय से जुड़ी थीं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों ने धन शोधन निवारण अधिनियम पीएमएल 2002 के तहत करीब एक करोड़ रुपए विदेशी मुद्रा सहित लगभग 12 करोड़ रुपए नकद छह करोड़ रुपए मूल्य के सोने के आभूषण दस किलोग्राम चांदी के सामान और चार वाहन जब्त किए हैं। इसके साथ ही 17 बैंक खाते और दो लॉकर फ्रीज कर दिए गए तथा वीरेंद्र के रिश्तेदारों से कई संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए गए। यह भी पता चला कि वीरेंद्र और उसके सहयोगी एक ज़मीनी कैसीनो पट्टे पर लेने के लिए बागडोगरा होते हुए गंगटोक गए थे।वीरेंद्र को गंगटोक सिक्किम के न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और बेंगलूरु की न्यायिक अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड प्राप्त की गई। ईडी ने पुष्टि की है कि मामले में आगे की जांच

## शराब घोटाले में आरोपी चैतन्य बघेल की न्यायिक रिमांड अवधि 14 दिन फिर बढाई



रायपुर। छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की रिमांड अवधि एक बार फिर बढ़ा दी गई है।न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद शनिवार को चैतन्य को विशेष अदालत में पेश किया गया जहां सुनवाई के बाद उन्हें तीसरी बार 14 दिन की न्यायिक रिमांड में भेजने का आदेश दिया गया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 सितंबर को होगी।बचाव पक्ष के अधिवक्ता फैजल रिजवी ने कहा कि ईडी की ओर से न्यायिक रिमांड का आवेदन पेश किया गया जिसे विशेष न्यायालय ने स्वीकार कर लिया।उल्लेखनीय है कि इससे पहले 19 अगस्त को कोर्ट ने ईडी के आवेदन पर चैतन्य को पांच दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा था।एजेंसी ने दलील दी थी कि जांच के दौरान कुछ नए तथ्य सामने आए हैं और उनसे पूछताछ आवश्यक है। वहीं 18 अगस्त को पूरी हुई न्यायिक रिमांड के बाद उन्हें एक दिन की रिमांड पर जेल भेजा गया था।

## अमरीका के लिए डाक सेवाओं का अस्थायी निलंबन पार्सल की बुकिंग बंद

नई दिल्ली। भारतीय डाक विभाग ने अमेरिका के लिए पत्र और 100 डालर मूल्य तक के उपहार को छोड़कर अन्य पार्सल की बुकिंग को फिलहाल बंद करने का फैसला लिया है संचार मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह निर्णय अमेरिकी सरकार के 30 जुलाई के उस निर्णय के मद्देनजर लिया गया है जिसमें वहां डाक से पहुंचने वाले 800 डॉलर मूल्य तक के शुल्क मुक्त प्रवेश की व्यवस्था 29 अगस्त से खत्म की जा रही है। भारतीय संचार विभाग ने कहा कि उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने सिवा उन पत्रों दस्तावेजों और उपहार की उन वस्तुओं जिनका मूल्य 100 डालर तक है अमरीका जाने वाली सभी वस्तुओं की डाक बुकिंग 25 अगस्त 2025 से अस्थायी रूप से निलम्बित करने का निर्णय लिया है। अमरीकी प्रशासन के आदेश के अनुसार वहां हालांकि डाक से आने वाले 100 डॉलर मूल्य तक के उपहार की वस्तुओं को नए फैसले के दायरे से बाहर रखते हुए उन्हें शुल्क मुक्त रखा गया है। भारतीय संचार विभाग ने कहा है कि अमरीका के नए आदेश में ऐसी खेप पर शुल्क की वसूली और जमा कराने की व्यवस्था के स्पष्ट नहीं होने के कारण भारतीय




डाक विभाग ने चिट्ठी पत्र और दस्तावेज तथा 100 डालर तक के उपहार के सामान के अलावा सभी तरह के पार्सल की बुकिंग रोक है।अमरीका के उस आदेश के अनुसार डाक नेटवर्क से वहां पहुंचने वाले बाहरी सामान पर शुल्क की वसूली और जमा नहीं कराने का जिम्मा माल पहुंचाने वाली कंपनियों या अमरीकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा.सीबीपी द्वारा अनुमोदित इकाइयों की होगी।इस मामले में अमरीका के सीमा शुल्क.सीबीपी ने 15 अगस्त को कुछ दिशा निर्देश जारी किए थे लेकिन भारत का मानना है कि शुल्क वसूली तंत्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं अभी निर्धारित नहीं हुई हैं। इसी के कारण भारतीय डाक विभाग ने यह फैसला किया है।संचार विभाग का कहना है कि जिन ग्राहकों ने पहले ही ऐसी सामग्री बुक कर ली है जो इन परिस्थितियों के कारण अमरीका नहीं भेजी जा सकती वे डाक शुल्क वापसी की मांग कर सकते हैं।

## मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर तेजस्वी यादव पर मुकदमा



ललितपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर एफआईआर दर्ज कराई है।कोतवाली तालबेहट अंतर्गत मुहल्ला सरफ्याना निवासी भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कोतवाली तालबेहट में एफआईआर दर्ज कराई जिसमें बताया गया कि पीएम मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर तेजस्वी यादव ने अभद्र टिप्पणी की।पुलिस उपाधीक्षक रक्षपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफकोतवाली तालबेहट में तहरीर दी है जिस पर आरजेडी नेता व बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ कोतवाली में धारा 173 बीएनएसएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है व मामले की जांच की जा रही है।

## अनिल अंबानी पर एसबीआई के आरोपों का खंडन कोर्ट में देंगे चुनौती



नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई द्वारा शनिवार को कारोबारी अनिल अंबानी के मुंबई स्थित दो परिसर में छापेमारी की कार्रवाई के बाद रिलायंस कम्युनिकेशन की तरफसे जारी बयान में अनिल अंबानी पर भारतीय स्टेट बैंक ,एसबीआई के करोड़ों रुपए के धोखाधड़ी के आरोपों का खंडन किया गया और कहा गया कि इन आरोपों को अदालत में चुनौती दी जाएगी। रिलायंस कम्युनिकेशन की तरफ से शनिवार को जारी बयान में कहा गया है कि अंबानी पर लगे सभी आरोपों और अभियोगों का दृढ़तापूर्वक वह खंडन करती है और इस संबंध में वह कानून सम्मत तरीके से अपना बचाव करेगी। रिलायंस कम्युनिकेशन के प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि अंबानी के आवास पर तलाशी शनिवार दोपहर जल्दी पूरी हो गई। बयान में कहा गया कि एसबीआई द्वारा दर्ज की गई शिकायत 10 साल से भी ज्यादा पुराने मामलों से संबंधित है। उस समयए अंबानी कंपनी के गैर.कार्यकारी निदेशक थे और कंपनी के दैनिक प्रबंधन में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। यह ध्यान देने योग्य है कि एसबीआई ने अपने आदेश से पहले ही पांच अन्य गैर.कार्यकारी निदेशकों के खिलाफ कार्रवाई वापस ले ली हैए इसके बावजूद अंबानी को जान बूझकर निशाना बनाया गया है। वर्तमान में रिलायंस कम्युनिकेशंस का प्रबंधन एसबीआई के नेतृत्व वाली और एक समाधान पेशेवर की देखरेख में लेनदारों की एक समिति की देखरेख में किया जा रहा है। यह मामला पिछले छह वर्षों से एनसीएलटी और सर्वोच्च न्यायालय सहित अन्य न्यायिक मंचों के समक्ष विचाराधीन है।

## सम्पादकीय

# राधाकृष्णन से संसदीय परंपराओं की उम्मीद

1999 के आम चुनावों के बाद तमिलनाडु से चुनकर आए युवा सांसद को उसकी पार्टी की ओर से राजधानी दिल्ली में बने रहने की ताकीद की गई थी ऐसी ताकीद का मतलब होता है या तो संसद की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है और उसमें सांसद का रहना जरूरी है या फ़िर मंत्रिमंडल का गठन और फेरबदल होने वाला है हो सकता है कि उसका नाम मंत्री बनने की सूची में शामिल हो और उसे अचानक राष्ट्रपति भवन से बुलावा आ जाए। चूंकि लोकसभा के चुनाव जल्द ही हुए थेए लिहाजा उम्मीद थी कि वह सांसद भी मंत्री बनने वाली लिस्ट में शामिल है। लेकिन उसे बुलावा नहीं आया। बाद में पता चला कि नाम को लेकर भ्रम होने की वजह से उसकी तरह मिलते.जुलते नाम वाले सांसद को बुलावा मिल गया और वह युवा सांसद मंत्री बनने से रह गया था। इस घटना के बाद ढाई दशक की देर भले हुईए लेकिन उसे मंत्रिमंडल में भले ही जगह नहीं मिली लेकिन अब वह देश का उपराष्ट्रपति बनने जा रहा है। जी हां ठीक समझा आपने सीपी राधाकृष्णन की जिंदगी से जुड़ी यह घटना है। तब वाजपेयी सरकार में उनकी जगह पी राधाकृष्णन को बुलावा मिल गया और वे मंत्री बन गए थे। पी राधाकृष्णन भी उस बार तमिलनाडु से चुने गए बीजेपी के चार सांसदों में से एक थे।सीपी राधाकृष्णन के साथ अब तक दो तरह के संयोग ज्ञात थे। वे प्रधानमंत्री मोदी की तरह दाढ़ी रखते हैं और उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहा जाता है। दूसरा संयोग यह है कि देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रही हैंए अब उपराष्ट्रपति बनने जा रहे राधाकृष्णन भी झारखंड के राज्यपाल रहे हैं। यानी अब देश के दो सर्वोच्च पदों पर झारखंड के दो पूर्व राज्यपाल होंगे। इन संदर्भों में देखें तो झारखंड दोनों के लिए शुभ रहा। जब भारतीय जनता पार्टी ने सीपी राधाकृष्णन का नाम उपराष्ट्रपति पद के लिए घोषित कियाए उसके कुछ वक्त बात उनकी मां जानकी अम्माल ने बताया कि उन्होंने सीपी राधाकृष्णन का नाम देश के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के नाम पर रखा था। इसे संयोग ही कहेंगे कि सर्वपल्ली के बाद सीपी राधाकृष्णन भी देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। वैसे तमिलनाडु राज्य से उपराष्ट्रपति बनने वाली तीसरी शख्सियत होंगे।कोयंबटूर के धमाके की चर्चा अरसे तक भारतीय राजनीति में सुनाई देती रही है। कट्टरपंथी संगठन अल्ल उम्माह ने 14 फरवरी 1998 को कोयंबटूर में ग्यारह जगहों पर बारह धमाके किए थे जिसमें 58 लोग मारे गए और दो सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इन धमाकों के निशाने पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणीजो सीपी राधाकृष्णन के चुनाव प्रचार के लिए वहां गये थे। सीपी तभी से राष्ट्रीय राजनीति में चर्चा में आ गए। तब अन्नाद्रमुक पार्टी से बीजेपी का राज्य में गठबंधन था जिसकी वजह से कोयंबटूर लोकसभा सीट से उन्हें भारी मतों में जीत मिली। अगले साल एक वोट से वाजपेयी सरकार के गिरने के बाद जब आम चुनाव हुए तो बीजेपी ने फ़िर से सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार बीजेपी का उसी द्रमुक से समझौता थाए जो इन दिनों भाषा नई शिक्षा नीति और मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण को लेकर बीजेपी पर हमलावर है। उस चुनाव में भी सीपी राधाकृष्णन को जीत मिली। लेकिन उसके बाद सीपी से जीत लगातार दूर रही। 2004 और 2014 एवं 2019 की प्रचंड मोदी लहर में भी उन्हें हार मिली। जबकि 2009 में उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था। राधाकृष्णन को तमिलनाडु का मोदी क्यों कहा जाता है इसकी भी एक कहानी है। साल 2013 में जब नरेंद्र मोदी को बीजेपी ने अगले आम चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया तो उन्हें तमिल टीवी चैनलों पर बहस के लिए बुलाया जाने लगा। इसी एक बहस के दौरान उन्होंने बीजेपी का पक्ष जोरदार तरीके से रखा। उनकी बहस को देख.सुन रहे दर्शकों ने उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहना शुरू कर दिया। देखते ही देखतेए तमिल चैनल भी उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहकर बुलाने लगे। वैसे उन्हें तमिलनाडु में सीपीआर के नाम से ज्यादा जाना जाता हैए जबकि उत्तर भारत के उनके नजदीकी सर्किल में वे राधाजी के नाम से प्रसिद्ध हैं। नरेंद्र मोदी एक दौर में अटल.आडवाणी की जोड़ी के चहेते रहे हैं। वैसे तमिलनाडु में उनकी छवि कुछ.कुछ अटल बिहारी वाजपेयी की तरह है। उनके बेटे और बेटी की शादी में कई दलों में फैली तमिल राजनीति के नेताओं की भीड़ देखते ही बनती थी। उनके हर दल के नेता से बेहतर संबंध रहे हैं। हालांकि एक दौर में अन्नाद्रमुक से उनकी ज्यादा नजदीकी रही। उनकी दोस्ती हर दल में है। शायद यही वजह है कि रा'य के सत्ताधारी द्रमुक पर दबाव बढ़ गया है कि उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन से अलग होकर तमिल अस्मिता के नाम पर सीपीआर का समर्थन करे। लोकसभा में द्रमुक के 22 और रा'यसभा में दस सांसद हैं।

# दिल्ली से खाटू श्याम व सालासर बालाजी के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू




नई दिल्ली। हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली स्यंदन एविएशन ने शनिवार को दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चूरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए दैनिक उड़ान शुरू की।स्यंदन एविएशन के प्रबंध निदेशक अभिनव सहाय ने इस मौके पर बताया कि कंपनी देश के पूरे एविएशन इको सिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उसका फोकस हेलीकॉप्टर से तीर्थयात्रा पर है ऐसे स्थलों की यात्रा जो सनातन धर्म से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसी साल मथुरा-वृंदावन के लिए भी सेवा शुरू की जाएगी।

रोहिणी.खाटू श्याम जी.सालासर बालाजी-रोहिणी का किराया 95 हजार रुपए प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोग छह घंटे में दर्शन करके उसी दिन वापस भी आ सकते हैं। पूरी यात्रा की दूरी करीब 700 किलोमीटर है। इसमें हेलीकॉप्टर के किराये के साथ दोनों मंदिरों तक परिवहन सेवाए मंदिर में वीआईपी दर्शन प्रसाद और खाटू श्याम में आराम की व्यवस्था शामिल है। हेलीकॉप्टर सुबह 9.30 बजे रोहिणी हेलीपोर्ट से उड़ान भरेगा और अपराह्न 2.30 बजे वापस आ जायेगा। पहली उड़ान में जाने.माने कवि एवं पूर्व राजनेता कुमार विश्वास पहले यात्री बने।सहाय ने बताया कि स्यंदन एविशन चारधाम यात्रा पहले ही शुरू कर चुकी है। आज खाटू श्याम और सालासर बालाजी के लिए सेवा शुरू की गई है। अगली सेवा मथुरा और वृंदावन के लिए होगी। उन्होंने बताया कि मथुरा और वृंदावन के लिए योजना काफी आगे तक पहुंच चुकी है और यह जल्द शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स को लेकर कुछ काम बाकी है और इसके लिए लोगों को अगले साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जयपुर-मेहंदीपुर बालाजी मार्ग पर सेवा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह भी पाइपलाइन में है। सभी हितधारकों से बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। यदि सब ठीक रहा तो हम इस मार्ग पर भी जल्द सेवा शुरू कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि कंपनी देश में एकीकृत हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। ऐसे प्रयास पहले भी किए गए हैं लेकिन वे सफल नहीं रहे हैं क्योंकि यह काफी चुनौतीपूर्ण परियोजना है जिसमें काफीचीजों में समन्वय स्थापित करने की जरूरत होती है। साथ ही सरकारी संगठनों के साथ बहुत नजदीकी साझेदारी की भी आवश्यकता होती है न सिर्फ सरकारी विभागों के साथ बल्कि सरकार का सहयोग करने वाले संगठनों के साथ भी।पहले कंपनी एक पायलट परियोजना शुरू करेगी। कुछ साझेदारियां की जानी हैं जिनके पूरा होने पर इसकी घोषणा कर दी जाएगी। सरकार से वित्तीय मदद के बारे में पूछे जाने पर सहाय ने कहा कि फिलहाल वह इसके बारे में जानकारी साझा करने की स्थिति में नहीं हैं। इस क्षेत्र अब तक अपनाए गए मॉडलों के विफल होने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा मॉडल लेकर आएंगे जो इसे वास्तव में सबके लिए सुलभ बनाएगाए जिसमें सेवा का लाभ उठाने वाले लोगों को खर्च की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। जल्द ही इसका पायलट भी शुरू हो जाएगा।

## उप निरीक्षकों की पदोन्नति के लिए 30 और 31 अगस्त को लिखित परीक्षा

जयपुर। राजस्थान में पुलिस विभाग में पदोन्नति की राह देख रहे उप निरीक्षकों के लिए खुशखबरी है। पुलिस मुख्यालय जयपुर ने पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए होने वाली योग्यतात्मक परीक्षा वर्ष 2022-23 की अस्थायी पात्रता और अपात्रता सूची जारी कर दी है। चयन समिति के सदस्य और पुलिस अधीक्षक सीआईडी सीबी लक्ष्मणदास के शनिवार को जारी पत्र के अनुसार जिन उम्मीदवारों को इस सूची में पात्र माना गया है उनकी लिखित परीक्षा 30 और 31 अगस्त को जयपुर में आयोजित की जाएगी। पत्र के अनुसार इस सूची में शामिल उम्मीदवारों को अपनी पात्रता की जांच करने और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर आपत्ति दर्ज कराने का भी मौका दिया गया है। उम्मीदवार अपने संबंधित नियंत्रण अधिकारी के माध्यम से 21 अगस्त की शाम पांच बजे तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। यह सूची उन सभी आवेदन पत्रों की समीक्षा के बाद जारी की गई है जो एक अगस्त 2025 तक प्राप्त हुए थे।

## बांसवाड़ा में दो वन अधिकारी 20000 रुपए की रिश्वत लेते अरेस्ट



बांसवाडा। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में वन रेंज डूंगरा ;मुख्यालय सज्जनगढ के क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रथम शान्तिलाल चावला एवं वनपाल लाडजी गरासिया को एक मामले में 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी ने एसीबी बांसवाडा को शिकायत की कि उसकी फर्म द्वारा वन रेंज में नर्सरी सुधारीकरण एवं अन्य मरम्मत कार्यों के बिल पास करने के लिए इन बिलों का 15 प्रतिशत कमीशन राशि 80 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। श्रीवास्तव ने बताया कि इस पर गत 22 अगस्त को रिश्वत राशि मांग का सत्यापन कराया गया जिसमें आरोपी वनपाल लाडजी गरासिया ने परिवादी से बिलों का भुगतान करने से पहले अग्रिम रिश्वत 20 हजार रुपए आरोपी एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रथम शान्तिलाल चावला के लिए लेने के लिए सहमत हुआ।

उन्होंने बताया कि इस पर ब्यूरो टीम ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी लाडजी गरासिया को आरोपी शान्तिलाल चावला के लिए 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इसके बाद चावला को भी इस रिश्वत लेन.देन मामले में संलिप्तता होने से गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। आरोपी चावला के निवास एवं वन रेंज डूंगरा के परिसर में स्थित निवास एवं गरासिया के वन रेंज डूंगरा के परिसर में स्थित निवास की भी तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# ईडी ने किया दिल्ली गुरुग्राम में अवैध कॉल सेंटर घोटाले का भंडाफोड़



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम और दिल्ली में सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी ने अवैध कॉल सेंटर घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम ;पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत सात ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। जिसमें मुख्य रूप से अमरीकी नागरिक शामिल थे। ईडी ने केंद्रीय जाँच ब्यूरो ;सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी ;एफआईआर के आधार पर अपनी जांच शुरू की। एफआईआर में लिखा था कि अज्ञात आरोपियों ने नवंबर 2022 और अप्रैल 2024 के बीच दिल्ली.एनसीआर क्षेत्र से अवैध कॉल सेंटर संचालित किए। इन कॉल सेंटर से तकनीक मदद के नाम से धोखाधड़ी को अंजाम दिया। जिससे विभिन्न पीड़ितों से लगभग 1.50 करोड़ अमरीकी डॉलर 120 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की गई थी। ईडी की जांच में सामने आया कि आरोपियों अर्जुन गुलाटीए दिव्यांश गोयल और अभिनव कालरा ने गुरुग्राम और नोएडा से कॉल सेंटर चलाकर अमरीकी नागरिकों को तकनीकी मदद के नाम पर धोखाधड़ी की थी। उन्होंने पीड़ितों के बैंक अकाउंट्स में अनधिकृत पहुंच बनाई और करोड़ों की रकम विदेश खातों में भेज दी। फ़िर जटिल बैंकिंग नेटवर्क के जरिए ये पैसा वापस इंडिया लाकर अपनी ऐशो आराम की जिंदगी पर खर्च किया।गत 20 अगस्त को हुई तलाशी में कई आपत्तिजनक दस्तावेज़ और डिजिटल रिकॉर्ड ज़ब्त किए गए। घोटाले में शामिल प्रमुख लोगों के बयान दर्ज किए गए। जिससे धोखाधड़ी की पूरी प्रक्रिया का पता लगाने में मदद मिली।ईडी ने आरोपियों से जुड़े 30 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा अधिकारियों ने आठ लग्ज़री कारें, महंगी लग्ज़री घड़ियां और कई कीमती संपत्तियों की पहचान की है जिनमें कथित तौर पर अपराध की कमाई से खरीदे गए आलीशान घर भी शामिल हैं। जिनकी कुल कीमत 100 करोड़ रुपए से ज़्यादा है।

# चूरू जिले में एक करोड़ की अवैध शराब जब्त दो अरेस्ट



चूरू। राजस्थान में चूरू जिले के सरदारशहर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफएक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड़ रुपए की पंजाब निर्मित अवैध शराब और बीयर जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक जय यादव के विशेष अभियान के तहत गठित पुलिस टीम को अवैध शराब से भरा एक ट्रक मेगा हाईवे रोड से गुजरने की सूचना मिलने के आधार पर तेजा गार्डन होटल के पास नाकाबंदी की गई और इस दौरान ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई।ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब मिली। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक इस्माइल खान और खलासी अय्यूब खान निवासी शेरगढ़ जिला जोधपुर ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक से विभिन्न ब्रांड की पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब ;रॉयल चैलेंज, ऑल सेसन, रॉयल ग्रीन के 908 कार्टन और बीयर गॉडफादर किंगफिशर के 360 कार्टन बरामद किए गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह शराब पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## भूपेन्द्र यादव ने पहुंचाया घायल कांग्रेस नेता को अस्पताल

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के कठूमर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मपाल के एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने उन्हें तुरंत



अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मपाल अहीर तिबारा में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने जा रहे थे और नंगली रोड के पास मोटर साइकिल खड़ी करके वह फोन पर बात कर रहे थे तभी वहां से निकल रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह मौके पर ही जख्मी होकर बेहोश हो गए।सूत्रों ने बताया कि इसी दौरान वहां से केंद्रीय मंत्री और अलवर सांसद भूपेंद्र यादव का काफिला गुजर रहा था। यादव ने तुरंत गाड़ी रुकवाकर घायल धर्मपाल को अपनी गाड़ी से कठूमर के सामान्य चिकित्सालय भिजवाया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कराई।धर्मपाल ने बताया कि जब उनकी आंख खुली तो उन्होंने खुद सांसद भूपेंद्र यादव को उनके पास खड़ा पाया। सांसद ने उनका नाम.पता पूछने के बाद उन्हें अस्पताल भिजवाया। धर्मपाल ने भूपेंद्र यादव द्वारा की गई इस मानवीय सहायता के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि संकट की इस घड़ी में उन्होंने जो मदद की वह सराहनीय है।

## अब्बास अंसारी के बाद अब उसके भाई उमर अंसारी का ठिकाना कासगंज जेल

एटा। फर्जी हस्ताक्षर मामले में गाजीपुर जेल में निरुद्ध मुख्तार अंसारी के छोटे



बेटे उमर अंसारी को कासगंज जेल मे शिफ्ट किया जा रहा है।शनिवार सुबह उमर अंसारी को कासगंज जेल के लिए रवाना किया गया। फर्जी हस्ताक्षर मामले मे एक महीने पहले पुलिस ने उसे लखनऊ से विधायक भाई अब्बास अंसारी के आवास से गिरफ्तार कर गाजीपुर जेल भेजा था। मुख्तार का बड़ा बेटा अब्बास अंसारी विधायक भी कासगंज जेल मे रह चुका है जिसकी पिछले दिनों सुप्रीमकोर्ट से ज़मानत मिलने पर रिहा किया था।उमर अंसारी को करीब एक माह पूर्व मां अफ्शा अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर मामले में लखनऊ से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने गैंगस्टर के एक मामले मे कार्यवाही करते हुए मुख्तार अंसारी की 10 करोड़ रुपए की संपत्ति को कुर्क किया थाए उसी संपत्ति को मुक्त कराने के उसी लिए न्यायालय मे अपील दाखिल की गई थी।याचिका के दस्तावेजो मे अफ्शा अंसारी के हस्ताक्षर फर्जी पाए जाने पर मोहमदाबाद थाने मे मुक़दमा दर्ज किया गया था। 21 अगस्त को इस मामले मे उमर अंसारी की ज़मानत ख़ारिज कर दी गई थी।

## शराब के नशे में धुत युवक बना दोस्त का कातिल

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले भिवाड़ी के टपूकड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक की हत्या का पर्दाफाश करते हुए मृतक के दोस्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रशांत किरण ने रविवार को बताया कि 21 अगस्त की रात टपूकडा थाना क्षेत्र के दांगनहेड़ी गांव में सोनू शर्मा के साथ उसका राजवीर उर्फ जैला शराब पी रहे थे। उसी दौरान किसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गयी। शराब के नशे में धुत्त राजवीर ने सोनू को पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया।उन्होंने बताया कि पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि उस रात एक खाली भूखंड पर राजवीर और सोनू शराब पी रहे थे। इस पर पुलिस ने राजवीर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## नोएडा की सबसे ऊंची बिल्डिंग सुपरनोवा से गिरकर युवक की मौत

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर की सबसे ऊंची इमारत सुपरनोवा की 32वीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर शुक्रवार देर रात एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस को प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दिल्ली निवासी रवि के रूप में हुई है और वह दिल्ली से लापता था जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दिल्ली थाने में दर्ज है।रवि अपनी महिला मित्र के साथ सुपरनोवा सोसाइटी में ठहरा हुआ था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच.पड़ताल में जुट गई है।नोएडा के सेक्टर.126 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर. 94 में स्थित सुपरनोवा सोसाइटी में देर रात की ये घटना है।

## त्रिपुरा में मोबाइल फोन ने छीनी बच्ची की जिंदगी

अगरतला। त्रिपुरा के उनाकोटी ज़िले के मोराचेरा गांव की ढाई साल की सोनाक्षी देबबर्मा की मोबाइल फ़ोन देखते हुए नाले में गिर जाने से मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को उसकी बीमार मां सो रही थीए तब बच्ची ने कमरे में पड़ा मोबाइल फोन उठा लिया। वीडियो देखते हुए वह बाहर सड़क किनारे नाले के पास आ गई। तभी अचानक फोन उसके हाथ से छूट कर नाले में गिर गया। फोन उठाने की कोशिश में वह नाले में ही गिर गई और उसकी जान चली गई।बाद में आस.पास के मजदूरों ने उसका बेजान शरीर देखा और दूसरों को सूचना दी। उसे अस्पताल ले जाया गयाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोनाक्षी की असामयिक मृत्यु से गांव में शोक की लहर छा गई है।

## झुंझुनूं में 25 कुत्तों को गोली मारने वाले का जेल से बाहर आते ही भव्य स्वागत





झुंझुनूं। राजस्थान में झुंझुनूं जिले में कुछ दिनों पहले 25 कुत्तों को गोली मारने के आरोप में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का शनिवार को जमानत पर रिहा होने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया और जश्न मनाते हुए उसे पूरे गांव में जुलूस के रूप में घुमाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुत्तों की हत्या करने वाले श्योचंद बावरिया शनिवार को जमानत पर रिहा होकर गांव पहुंचा तो ग्रामीणों ने डीजे बजाया और माला पहना कर उसका स्वागत किया। बाद में उसे पिकअप में बिठाकर पूरे गांव में जुलूस निकाला। इस दौरान ग्रामीणों ने बस स्टैंड से गुजर रही बस को रुकवाया और उसमें बैठे यात्रियों को लड्डू बांटे। झुंझुनूं जिले के कुमावास गांव में दो अगस्त को श्योचंद बावरिया ;50 ने 25 कुत्तों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। श्योचंद ने ढूंढ़-ढूंढ़ कर कुत्तों को गोली मारी थी। इसके बाद गांव में जगह-जगह खून से लथपथ 25 कुत्तों के शव मिले थे। चार अगस्त को इस घटना का वीडियो सामने आया था। इसके बाद गांव की पूर्व सरपंच सरोज झांझड़िया ने पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत की थी। पुलिस ने 18 अगस्त को श्योचंद को गिरफ्तार कर लिया। 22 अगस्त को श्योचंद को जमानत मिली तो उसने थाने के बाहर निकलते हुए वीडियो बनाया। इसके बाद जैसे ही गांव पहुंचा तो वहां उसका जोरदार स्वागत हुआ। श्योचंद के स्वागत का वीडियो सामने आने के बाद पशु प्रेमियों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। लोगों ने इसे अपराध का महिमामंडन बताया। झुंझुनूं और आसपास के क्षेत्रों में काम कर रहे पशु प्रेमी संगठनों ने भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि सरकार जहां पशु संरक्षण पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं ग्रामीणों का यह रवैया बेहद निंदनीय है।पशु क्रूरता अधिनियम 1960 और आईपीसी की धारा 429 के तहत जानवरों की हत्या करना गंभीर अपराध है जिसमें सजा और जुर्माने का प्रावधान है। बावजूद इसके आरोपी को सम्मानित करना कानून और न्याय दोनों का मजाक है।घटना को लेकर कुमावास गांव में दो पक्षों के बयान सामने आए हैं। ग्रामीणों के अनुसार कुत्ते उनकी बकरियों और मवेशियों पर हमला कर रहे थे और बुजुर्गों एवं बच्चों को निशाना बना रहे थे। ऐसे में गुस्साए श्योचंद ने कुत्तों को मार डाला। वहीं दूसरे पक्ष की पूर्व सरपंच सरोज ने आरोप लगाया कि यह दावे झूठे हैं और कुत्तों ने न तो किसी को नुकसान पहुंचाया था और न ही किसी की बकरियों को मारा था। उन्होंने आरोप लगाया कि श्योचंद और उसके साथी बकरियां मरने का झूठा बहाना बनाकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## चेतेश्वर पुजारा ने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



मुंबई। चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को तत्काल प्रभाव से भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया।37 वर्षीय पुजारा ने आज अपने सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि भारतीय जर्सी पहनना राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना.इसका असली मतलब शब्दों में बयां करना नामुमकिन है। लेकिन जैसा कि कहते हैंए हर अच्छी चीज का अंत होना ही चाहिए और अपार कृतज्ञता के साथ मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। आपके प्यार और समर्थन के लिए शुक्रिया।पुजारा ने आगे लिखा कि राजकोट के छोटे से कस्बे से आने वाले एक छोटे से लड़के के रूप में अपने माता-पिता के साथ मैंने सितारों को निशाना बनाने का लक्ष्य रखा था और भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का सपना देखा था। मुझे तब अंदाजा भी नहीं था कि यह खेल मुझे इतना कुछ देगा अमूल्य अवसर. अनुभव. उद्देश्य. प्यार. और सबसे बढ़कर अपने राज्य और इस महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका।उन्होंने कहा कि मैं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को मेरे क्रिकेट करियर के दौरान मिले अवसर और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी टीमों, फ्रैंचाइजियों और काउंटी टीमों का भी आभारी हूं जिनका मैं इतने वर्षों तक प्रतिनिधित्व कर पाया। उन्होंने कहा कि खेल ने मुझे दुनिया भर में पहुंचाया है और प्रशंसकों का जोशीला समर्थन और ऊर्जा हमेशा बनी रही है। जहां भी मैंने खेला है वहां से मिली शुभकामनाओं और प्रेरणा से मैं अभिभूत हूं और हमेशा आभारी रहूंगा। पुजारा ने अक्तूबर 2010 में शुरू हुए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 103 टेस्ट और पांच एकदिवसीय मैच खेले। लाल गेंद के प्रारूप में ही वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे जिसमें उन्होंने 43.60 की औसत से 7195 टेस्ट रन बनाए जिनमें से अधिकांश रन उन्होंने नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए बनाए। पुजारा ने दिसंबर 2005 में सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया और इस साल की शुरुआत में पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में भी उनके लिए खेले।

## Be U Natural Brings Luxury Salon Services to Kanpur & Unnao




Kanpur/Unnao. Be U Natural – the fast-growing salon chain that captured India's attention on Shark Tank India – is redefining the way beauty is experienced in Tier-II cities. With the launch of Kanpur's second Be U Natural outlet in Govind Nagar and maiden outlet in Shuklaganj, Unnao, the brand is bringing luxurious salon services within everyone's reach – right into the heart of people's neighbourhoods.After winning hearts at its Swaroop Nagar, Motijheel outlet in Kanpur, Be U Natural is now making high-end services unbelievably affordable – Hair Smoothening starting at just ?1,999, Keratin treatments from ?999 and Global Hair Colour from ?999 – without ever compromising on product quality or service excellence."We strongly believe that beauty should be an accessible experience – not a luxury that only a few can afford. With our presence now in Swaroop Nagar, Govind Nagar and Shuklaganj, we are fulfilling our promise of making luxury salon treatments available across every key neighbourhood in Kanpur and Unnao," said Deepak Sharma, Founder & CEO, Be U Natural. "Our goal is to bring premium salon services and international standards of hygiene to every neighbourhood across the country – and at prices people never imagined possible.

"The newly opened salons have been designed to reflect the brand's modern yet warm aesthetic, while being equipped with highly trained professionals and imported products to deliver best-in-class results. To celebrate the launch, both salons are offering exclusive introductory discounts for a limited period.



## दादी प्रकाश मणि की पुण्य स्मृति दिवस पर 70 यूनिट रक्तदान

अजमेर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व प्रशासिका दादी प्रकाश मणि की पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को जवाहरलाल नेहरु अस्पताल के मेडिसन विभाग में आयोजित रक्तदान शिविर में 70 यूनिट से ज्यादा रक्त संग्रहण किया गया।इस मौके पर कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक अनिता भदेल,बीके रूपाए बीके आशा ने द्वीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। रक्त दान करने वालों को प्रमाण पत्र दिए गए। भदेल ने कहा कि रक्त दान महा कल्याण है। यहां पर समर्पित बहने और भाइयों ने भी रक्तदान किए यहां अनेक लोग यह रक्त दान शिविर में अपनी भागीदारी निभाई। शिविर में 70 यूनिट से ज्यादा रक्त एकत्रित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को रूपा बहन और आशा बहन ईश्वरीय सौगात और ईश्वरीय प्रसाद भेट किया इससे पहले बीके इंदिरा बहन ने चौधरी और भदेल को तिलक लगाकर स्वागत किया। डॉक्टर गोकुल चंद मीणा, आशीष अग्रवाल, मोहन रायपुरिया इत्यादि मौजूद रहे।

## एमडीएसयू में विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना

अजमेर। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक नई पहल करने जा रहा है। कुलगुरु प्रो.सुरेश कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में शीघ्र ही एक विद्यार्थी हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। यह हेल्प डेस्क महाराणा प्रताप भवन में स्थित फीस काउंटर के पास रहेगी जिससे छात्रों को सभी आवश्यक शैक्षणिक और प्रशासनिक जानकारियां एक ही स्थान पर मिल सकें। हेल्प डेस्क पर अनुभवी और प्रशिक्षित कर्मी विद्यार्थियों को परीक्षाए पाठ्यक्रम, प्रवेश, माइग्रेशन, मार्कशीट, पुनर्मूल्यांकन, आवेदन पत्र भरने और अन्य परीक्षात्मक एवं शैक्षणिक कार्यों से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इस पहल से छात्रों को इधर उधर चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वे बिना किसी असुविधा के आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कुलगुरु प्रो. अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय का यह नवाचार विद्यार्थियों की सुविधा और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो छात्रहित में प्रभावी सिद्ध होगा।




## आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक 5-7 सितंबर को जोधपुर में होगी



जोधपुर/ जयपुर। इस साल अखिल भारतीय समन्वय बैठक विक्रम संवत् 2082 भाद्रपद शुक्ल त्रयोदशी चतुर्दशी व पूर्णिमा अर्थात् दिनांक 5, 6 व 7 सितम्बर को राजस्थान के जोधपुर शहर में आयोजित होगी।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय बैठक हर साल होती है। बीते वर्ष यह बैठक सितंबर 2024 में पालक्काड ;केरल में संपन्न हुई थी। इस अखिल भारतीय समन्वय बैठक में संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के चयनित पदाधिकारी सहभागी होते हैं। यह सभी संगठन संघ विचारों के अनुरूप समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक रूप से कार्यरत हैं। सार्वजनिक जीवन में लोकतांत्रिक पद्धति से सामाजिक परिवर्तन एवं व्यवस्थाओं में सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत रहते हैं। बैठक में सभी संगठन कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों के आधार पर परिस्थितियों का आकलन प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रीय एकात्मता सुरक्षा एवं सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक में व्यापक चर्चा तथा करणीय कार्यों में परस्पर समन्वय स्थापित करने के लिए आवश्यक कदमों की पहल होती है। हाल ही में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं पर सामूहिक समीक्षात्मक विश्लेषण भी किया जाएगा।बैठक में विविध संगठन के कार्यकर्ता अपने कार्य की जानकारी उपलब्धियों तथा आगामी योजनाओं को भी प्रस्तुत करेंगे। संघ शताब्दी के कार्यक्रमों में सभी संगठनों की सहभागिता पर भी विचार.विमर्श अपेक्षित है।बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में राष्ट्र सेविका समिति वनवासी कल्याण आश्रम विश्व हिन्दू परिषद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ सहित 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी सहभागी होंगे।

## विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान शिविर में दिया कुमारी ने की शिरकत

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को राजधानी जयपुर में विश्व बंधुत्व दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल हुई।दिया कुमारी ने यहां ब्रह्माकुमारी निवास विद्याधर नगर में आयोजित रक्तदान अभियान-2025 में भाग लिया। यह कार्यक्रम विश्व बंधुत्व दिवस और राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति को समर्पित था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त कर रहा है और वसुधैव कुटुंबकम की भावना से विश्व बंधुत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है।उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद को जीवनदान दे सकता है। रक्त की एक.एक बूंद किसी के लिए नई सांस बन सकती है।उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर कमजोर नहीं होता बल्कि स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। उन्होंने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया।

## बोर्ड परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि अब 3 सितम्बर तक बढ़ाई

अजमेर। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सैकेण्डरी और सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की तिथियों में संशोधन किया गया है।बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि सैकेण्डरी और सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा.2026 के लिए 24 जुलाई से आवेदन ऑनलाईन भरे जा रहे है। सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि अब 3 सितम्बर तब बढ़ाई गई है पूर्व में यह 23 अगस्त थी। परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर तथा आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर तक बढ़ाई गई है।उन्होंने बताया कि एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित आवेदन पत्र 4 सितम्बर से ऑनलाईन भरे जाएंगे। आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर हैं। परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर है।उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालयों पर स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए 11 सितम्बर से असाधारण परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन पत्र भरे जाएंगे। आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर तक हैं। परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर है। इन आवेदन पत्रों एवं चालान को सीधे बोर्ड कार्यालय में जमा करवाना होगा।




समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

## प्रसूता की मौत पर समर्पण अस्पताल में हंगामा मुआवजे पर समझौता



अजमेर। राजस्थान में अजमेर के पुष्कर मार्ग स्थित समर्पण अस्पताल में शनिवार को एक प्रसूता की मौत पर परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया।अस्पताल में उपचार के दौरान प्रसूता की मौत को लेकर आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतका के पति राम सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात तक उसकी पत्नी नीतू कंवर की हालत सही थी लेकिन सुबह अचानक खराब हो गई और उसकी मौत हो गई। हंगामा होते देख अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को मौके पर बुलवा लिया। इस मामले में अस्पताल के डॉक्टर तरुण यादव ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मरीज महिला को गंभीर हालत में लाया गया थाए परिजनों ने लिखित में उसके उपचार की स्वीकृति दी थी। उधर मौके पर पहुंचे पुलिस निरीक्षक महावीर शर्मा ने बताया कि परिजनों को समझाने और सहायता राशि तय होने के बाद मामला शांत हो गया।

## अब 63 राशन दुकानें के लिए मांगे आवेदन

अजमेर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ ;वितरण का विनियमन के अन्तर्गत प्राधिकार पत्र जारी किए जाने के लिए कार्यालय जिला रसद अधिकारी ;प्रथम अजमेर की रिक्त एवं नवसृजित कुल 64 उचित मूल्य दुकानों के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों तथा संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। इसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब कार्यालय जिला रसद अधिकारी ;प्रथम अजमेर की रिक्त एवं नवसृजित कुल 63 उचित मूल्य दुकानों के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों तथा संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)